जहा तक टेली-कम्युनिकेशन्ज का सवाल है, एक अजीब सी उलझन पैदा हो गई है, जिस मे बिना रुपया खर्च किये काम आगे नही बढ़ सकता है, और रुपया मिल नही पाता है । इस वजह से कुछ झंझट आ गई है । अलग अलग जगहों के टेलीफ़ोन आपेरेटर्ज के बारे में कहा गया है । इस बारे में तो हम देखेंगे, लेकिन इस समय स्थिति ऐसी है कि हमारे टेलीफ़ोन के जो भी इन्तज़ामात है, जो भी मशीन्ज है, वे पुरानी है और आज के युग के अनुकूल नहीं है । यह एक ऐसा विभाग है, जिस में बराबर नये नये अनुसन्धान चल रहे है— जो आज है; वह कल पीछे पड जाता है, और उस में बदलने की, नई चीजें लाने की, जरूरत है ।

लेकिन दूसरी तरफ़ मुश्किल यह है कि यह भी माना जाता है कि हमारा विभाग जनसेवा का विभाग है । उस में हालत यह है कि उस में पोस्टल साइड में हर वर्ष कम करोड़ रुपये से ज्यादा का नुक्सान होता है । जहा तक टेली-कम्युनिकेशन्ज बढ़ाने का सवाल है, जो पाचवी योजना बनी है, उस मे हम से आशा की गई है कि हम उसका पुरा रुपया, 800 करोड रुपया, इसी विभाग से बचत कर के लगा देंगे यानी हम को इस विभाग की आमदनी से ही इस विभाग को बढ़ाना है । उस मे काफी दिक्कत आ रही है । मेरा विचार है कि अगर सम्भव हुआ, और माननीय सदस्यो को बीच बीच मे पालियामेंट के काम से थोडी फुर्सत मिल सके, तो अलग अलग प्रदेशों के एम० पीज० से चर्चा की जाये, ताकि हम यह देखें कि हम वहा पर क्या कर सकते है और वहा की समस्याओ को हल करें ।

टैलीफोन की गई शिकायतें ना इस लिए हैं कि अभी हम कुछ पुराने तरीके इस्तेमाल कर रहे है । पुरानी लाइने है जिन पर ट्रैफिक बहुत बढ गया है । समय के साथ लोग टेलीफोन को ज्यादा इस्तेमाल करने लगे है ।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज) : बिल कैसे बढ़ जाता है?

डा० शंकर दयाल शर्मा : उसमे भी दिक्कत आती है और उसको देखना पड़ता है। अगर वह रुपया विभाग के पास आता होता, तो बात दूसरी थी, लेकिन आप जानते है कि वह कहां जाता है। इस लिए उसमें न जाकर मैं बताना चाहता हू कि हम पूरी कोशिश कर रहे है।

इसमे कोई शक नही है कि कलकत्ता और दिल्ली के बीच मे और कलकत्ता और दक्षिण के हिस्से के बीच मे, जितना भी ट्रैफिक है वह सब का सब दिल्ली होकर जाता। और दिल्ली और कलकत्ता के बीच मे एक कोएक्सियल केबल है, थोडा माइक्रोवेव है। कोएक्सियल केबिल पर डिपेंड करना पडता है और उसमे बडी दिक्कतें रहती हैं। एक दिक्कत चोरी की बहुत हो गई है। आज-कल कोएक्सियल लाईन की बडी चोरी होती है। सडक पर जो काम होना है कभी-कभी कोएक्सियल केबल को उससे नुकसान हो जाता है। पानी पडने मे भी दिक्कत हो जाती है। एक और नई खराबी कोएक्सियल केबल की सारी दुनिया मे मालूम हुई है कि कभी-कभी लाइटनिंग का भी उस पर असर एक अजीब ढग मे पडता है। वह उसको पूरी तरह से खराब कर देता है। कुछ माननीय सदस्यो ने कहा है कि बारिश मे ज्यादा दिक्कत हो जाती है वह सही है। हम उसको सुधारने की कोशिश कर रहे है।

जहा तक कलकत्ता से ट्रक लाइन को ठीक करने का सवाल है, कलकत्ता और मद्रास के बीच मे एक और कोएक्सियल लाइन डाली जा रही है। उसको हमने प्राथमिकता दी है। मैं मद्रास गया था और वहा जो इस स्कीम के चार्ज मे है उन से मैंने चर्चा की है कि वे इसको जल्दी से जल्दी पूरा करे और अब हमें आशा है कि 31 मार्च तक कलकत्ते और मद्रास के बीच मे को-एक्सियल केबल डल जायगा तो भुवनेश्वर और दूसरी जगहें भी उससे लाभान्वित हो सकेंगी। इसके अलावा कलकत्ता और दिल्ली को भी दूसरी तरफ माइक्रो-वेव से जोडने का काम चल रहा है। दोनों के पूरा होने पर हमे तीन तरीके मिल जाएगे जिन मे अगर एक खराब हो तो हम दूसरे पर जा सकते है। एक अकेली लाइन होने से एक बात और भी होती है कि बीच बीच मे उस मे इसपेक्शन, उसकी दुरुस्ती के लिए भी हमे उसे निकालना पड़ता है। जब भी यह होता है तो हमारी ट्रक लाइन खराब हो जाती है। यह दिक्कत रहती है। इसके अलावा अब यह भी जरूरी है कि आटोमेटिक एक्सचेंज हो जिनके जरिए काम चले . (व्यवधान)

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): What about direct dialling between Calcutta and Delhi? It was assured so many times in this House

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं उसी की चर्चा कर रहा था। जो आपका सवाल है पहले मैंने उसी को लिया है। अभी इस समय कलकत्ता और दिल्ली के बीच में हमारे पास इतनी लाइन्स नही है जिन मे कि वह हो सके और कलकत्ते का ट्रैफिक दिल्ली और साउथ का सब का सब उसी लाइन मे जाता है। लेकिन एक बार कलकत्ता और मद्रास को को-एक्सल केबल कनेक्ट कर देंगे और दिल्ली, कलकत्ता माइक्रोवेव कर सकेंगे तो कलकत्ते से पटना, कलकत्ते से दिल्ली, कलकत्ते से मद्रास, कलकत्ते से भुवनेश्वर ये सब के सब एस टी डी पर आ जाएंगे। लेकिन इसमे अभी वही मैं बता रहा था कि ज्यादा हमे चेनल्स की जरूरत होती है, को-एक्सियल केबल्स की जरूरत होती है और उसके बाद आगे काम चले इसकी जरूरत होती है, इसमें यही है कि लोगों से चर्चा करके जितनी जल्दी

कहीं लगाने की कोशिश हो सके वह की जाय और वह हम कर रहे हैं ।

इसके बाद इंटरनल जो अपने यहा के टेलीफोन हैं उनमे इस बात पर निर्भर होना पड़ता है कि हमारे पास आटोमेटिक एक्सचेंज हो । आटोमेटिक एक्सचेंज को भी हम ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं । लेकिन उसमे भी वही आर्थिक सीमा हमारे रास्ते मे आ रही है । उसमे भी क्योंकि हम जो चाहते हैं कि हमारा उत्पादन बढ़ जाय, जो अभी तक सीमाए हैं उनको देखते हुए भी हमारी कोशिश है कि कुछ हम ऐन्सिलियरीज को बढा कर के, कुछ और दूसरे तरीके से भी जिससे कि सोधे सीधे हमारा रुपया न लगे और हमको इसके साधन उपलब्ध हो जाय उसके लिए कुछ चर्चा हमने की है । उसमे अगर सफलता हुई और कुछ हम ज्यादा पा सके तो हमारा काम चल जाएगा । वैसे एक बात मैने जान बूझ कर इसलिए कही थी कि मुझे आप सब के सहयोग की आवश्यकता ज्यादा इसलिए भी है कि हम को कम्यूनिकेशन के लिए ज्यादा रुपया मिल सके प्लानिंग कमीशन से उस के लिए भी हमारी मदद करे और उसके अलावा आप हमे यह बताए कि किस प्रकार से हम अपनी आमदनी बढा सकें है उस मे हमने कुछ और चीजे तय की है । एक तो हम पोस्ट आफिसेज मे होर्डिंग्स लगाने की बात कर रहे हैं ऐडवर्टाइजमेंट्स, जैसे रेलवे स्टेशन्ज पर होते है उस तरह के जिससे उससे कुछ हमे आमदनी हो । दूसरी चीज जो हमारे पोस्टकार्ड्स हमारे होते है उन पर छोटे छोटे ऐडवर्टाइजमेंट्स से, उस से हमे आमदनी हो ।

एक माननीय सदस्य वह तो ज्यादा जगह ले लेगा । फिर उसमे जगह कम रह जायगी ।

डा० शंकर दयाल शर्मा आप मेरी पूरी बात सुने तो । मै भी उसी जमीन पर हू जहा आप हैं । लिखने लिखाने की जगह कम न हो यह हम चाहते हैं और अभी हम ने उसकी चर्चा की है फ़ैमिली प्लानिंग डिपार्टमेंट मे कि वह हमे ऐडवर्टाइजमेंट्स दे । वह ऐडवर्टाइजमेंट्स सब जगह पहुचेगा । जो लिखेगा और जिसके पास पहुचेगा दोनो के पास वह पहुच जायगा । (इंटरप्शन्स) .

एक माननीय सदस्य फ़ेमिली प्लानिंग भी गवर्नमेंट का डिपार्टमेंट है । तो वह पैसा गवर्नमेंट का ही होगा जो उधर से इधर आ जायगा । उसमे फर्क क्या पडा ?

डा० शंकर दयाल शर्मा फर्क सिर्फ यह होगा कि प्राइवेट ऐडवर्टाइजर्स के पास से शासन के पास वह आ जायगा । बुनियादी फर्क यह थोडा सा तो आ जायगा ।

इस के बाद दूसरे और रास्ते हम सोच रहे है । हमारी एक यह कोशिश है जैसा अभी आपने कहा कि जो स्टेट कैपिटल्स है हम चाहते है कि दिल्ली से तमाम कैपिटल्स तक एस टी डी हो जाना चाहिए । लेकिन इसको आश्वासन न मानें । प्रयास हमारा रहेगा कि जितनी जल्दी हो सके दिल्ली से तमाम हमारे स्टेट कैपिटल्स और स्टेट कैपिटल्स से जहा तक सभव हो डिस्ट्रिक्ट्स हम जोड सके डायरेक्ट डायलिंग से तो एक बडी अच्छी चीज होगी । लेकिन इसमे काफी समय लग सकता है । वैसे काफी तेजी से हम अपना काम बढाने की कोशिश कर रहे हैं ।

दिल्ली मे आप ने क्रास बार की चर्चा की तो कुछ वर्ष हुए बेल्जियन पटाकोटा का सिस्टम यहा लगाया गया था । वह कुछ गलत साबित हुआ । ठीक साबित नहीं हुआ । शुरू मे बहस चलती रही कि उन की गलती है या हमारी गलती है । बाद मे उन्होंने माना कि उस को ठीक कराना है और आप को यह जान कर खुशी होगी कि यही नहीं, जिन्होंने

[डा शंकर दयाल शर्मा]

इस को सप्लाई किया था वे इस बात पर भी राजी हो गए हैं कि उस की दुरुस्ती जो हमारे अपने इंजीनियर कर रहे हैं, जो आई टी आई ने बताया है, उस के मुताबिक जो दो करोड़ का खर्च होगा वह खर्च भी वह देंगे। लेकिन मुझे बहुत संतोष नहीं है। अभी मुझे यह बताया गया है कि उस का काम बड़ी तेजी से चल रहा है। 80 फीसदी के करीब खत्म हो गया है। डिपार्टमेंट ने मुझे यह बताया है कि 31 मार्च तक वे उसे खत्म कर लेंगे। इस वक्त उस में डबल परेशानी यह हो गई है कि टैलीफोन भी चल रहे हैं और हम उस को ठीक भी कर रहे हैं, इस से कभी कभी टैलीफोन और ज्यादा खराब हो जाते हैं, इस में कोई शक नहीं। लेकिन उस को ठीक करने की कोशिश की जा रही है। अब जहा जहा शिकायतें है उन शिकायतों को आप बताएंगे तो मैं देखने की कोशिश करूंगा।

श्री पी० जी० मावलंकर : क्रास बार एक्सचेंज अगर दिल्ली में डिफेक्टिव मालूम हुए तो और जगह उन को क्यों इट्रोड्यूस कर रहे है ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं उस में दो तीन बातें आप को बता दू। जहा यह बात आई इस सबंध में मैं ने एक बात यह खास तौर से कही कि हम ने उस के लिए पेंटाकोंटा सिस्टम लगाया था। वह पेंटाकोंटा सिस्टम हमारे लिए ठीक साबित नहीं हुआ जिस मे 50 लाइनों का ब्लाक होता है। लेकिन एक बात यह भी है कि दूसरे देशों में बहुत लाखों लाख लाइन क्रास बार की लगी हैं दूसरे सिस्टम मे। अभी इस बात पर इस समय विचार किया जा रहा है कि कौन सा सिस्टम हमारे लिए ठीक होगा। उस के लिए रिसर्च वर्क जारी है। क्रास बार में भी बहुत से सिस्टम है। एक बात यह भी बताई गई है कि क्रास बार का सेंट्रलाइज्ड सिस्टम है और जब उस मे कैपेसिटी आफ ट्रैफिक होती है तो कभी कभी वह इरैटिक हो जाता है, उस में दिक्कत आने लगती है इस कारन से लेकिन हमारी कैंपेसिटी तो कम होने वाली नहीं है। मेरा कहना यह है कि इस का इस बात से निर्णय किया जाय कि हमारी कैंपेसिटी यह रहेगी उस पर कौन सा सिस्टम ठीक रहेगा। अभी तक स्टाउजर है। वह स्टेप बाइ स्टेप सिस्टम है वह चल रहा है। लेकिन वह बहुत पुराना हो चुका है। वह हम को अन्तर्राष्ट्रीय डायल मिलने में दिक्कत होगी। तो इस पर सोचा जा रहा है। क्या चीज ठीक होगी यह मैं अभी नहीं कह सकता हूं।

अब रही तारो की बात। उस में भी कोई शक नहीं कि काफी उस में एक्यूमुलेशन हो गया था और इस मे भी कोई शक नहीं कि जो ओवर टाइम को हम ने रोका उस मे भी काफी बड़ी दिक्कत आई। क्या कि एक तरफ तो इस बात पर रोक लग गई कि लोग नये भर्ती न किए जायें, दूसरी तरफ शुरू में ही बजट के, कम पैसा मिला, उस के बाद यह हुआ कि टेन परसेंट काट दिया जाय ओवर टाइम मे से, तो नतीजा यह हुआ कि कई जगह सचमुच में दिक्कत हुई। कुछ वर्कर्स ने यह भी तय किया कि ओवर टाइम नहीं देंगे तो गो स्लो टैक्टिक्स भी चली। उस के साथ साथ यह भी हुआ कि कुछ ज्यादा छुट्टिया ले ली। कलकत्ते में जैसा हुआ, उस वक्त गो स्लो के साथ-साथ जहा दस ग्यारह प्रतिशत लोग छुट्टी लेते थे पूजा के वक्त वहा 25 प्रतिशत तक ने छुट्टी ले ली। इस के अलावा डाक भी बढ गयी। तो काफी दिक्कतें आई थी, यह मानने मे कोई मुझे दिक्कत नहीं। इस तरह से कुछ दिक्कतें है। हम कोशिश कर रहे है कि उन दिक्कतो को जहा तक हो हल किया जाय। एक बात यह भी है कि जो काफी शिकायतें आती है बहुत ज्यादा उन में सही भी है हमारे विभाग के जो कर्मचारी है उन के काम करने के ढग के बारे में। उस के लिए

दो ही रास्ते हैं। वह हल मैं यह मानता हूं कि आप सब के सहयोग से ही हो सकता है। उस के दो तरीके हैं। एक तो डंडे से डरा कर डिसिप्लिनरी ऐक्शन से, दूसरे, जैसे आप ने कहा उन में भावना जागृत हो जाय। इस में हम और आप मिल कर दोनों काम कर सकते हैं।

श्री हुकम चन्द कछवाय : लेकिन जो सिफारिश से अफसर बने हैं, उन का क्या करेंगे ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं इस समय टैलीफोन आपरेटर्स की बात कर रहा हूं। इन लोगों के साथ दो ही चीजे हो सकती है—एक तरफ़ सख्ती और दूसरी तरफ़ उन के मन में भावना पैदा की जाय। अब इस मे आप का सहयोग भी मिलेगा तो अवश्य कर सकेंगे। मैं चाहता हू कि उन के मन में यह भावना पैदा की जाय कि आप जो काम करते है वह जन-साधारण से समन्धित है, उस को ह्यूमन-एंगिल से देखिये। अगर एक तार देर मे पहूंचता है तो उस का क्या नतीजा हो सकता है—यह बात उन को समझनी चाहिये। मूझे एक दफ़ा मि० दफतरी ने बतलाया कि उन के एक मित्र के केस में आख की तकलीफ़ थी, जिस को फौरन दिल्ली मे एटेण्ड करना था, लेकिन टैलीफोन नही मिला, जिस की वजह मे बहुत नुकसान हुआ। मैंने कर्मचारियो से कहा है कि आप सरकारी कर्मचारी हैं, आप को सरकार से जो मागे मांगनी हैं, जरूर मांगिये, लेकिन इस के साथ साथ यह भी याद रखिये कि आप को जनसाधारण का काम भी करना है। अगर यह एप्रोच होगी तो काम चलेगा इस मे कोई शक नही है।

इस समय पर दो-तीन हुकम हुए हैं—एक तो यह कि पोस्ट आफिसिज को नान-फंक्शनल मान कर नई पोस्ट आफिस की बिल्डिंग बनाने पर रोक लगी है। इसी तरह से जो पोस्टल एम्पलाइज हैं उन के आवास गृह बनाने पर रोक लगी है। इन के एडवासेंज के मामले में भी रोक लगी है। लेकिन जो स्पेसिफिक केसेज हैं—मैं कोशिश कर रहा हूं कि उन के लिये कोई न कोई हल निकाला जाय। जहा पर जैनुइन केसेज है वहां कुछ हो सके। मेरा इरादा है कि मैं अपने सहयोगी मंत्री से दरख्वास्त करूंगा और मुझे आशा है कि कुछ रास्ता निकाल सकेंगा। लेकिन असल में इन सब कामों में कामयाबी आप सब के सहयोग से हो सकेगी। जब हम सब मिल कर काम करेंगे तो इन दोषो पर रोक लगेगी, रांग बीलिंग या दूसरे जो सवाल हैं, उन को ठीक करने में मदद मिलेगी।

आप ने सवाल उठाये – कोटा, बूंदी, जबलपुर, टीकमगढ, उदयपुर, भोपाल के बारे में—एक एक करके हम इन को देख लेंगे। लेकिन एक बात बतला दू—हमारे कछवाय जी को कुछ गलतफहमी हुई है—देवास में कोई कांग्रेस वर्कर्स की मीटिंग नही हुई, इस लिये उस के बारे में मेरे कुछ कहने का सवाल पैदा नही होता है। देवास का जो एक्सचेन्ज था, उस का उदघाटन वहां के मुख्य मंत्री श्री प्रकाश चन्द्र सेठी जी ने किया था, क्योंकि वे उस में पहले से ही बहुत दिलचस्पी ले रहे थे। उज्जैन में एक्सचेन्ज के लिये हम ने उन से बात की है और कहा है कि हमे उपयुक्त जमीन दे दें और वह प्राफिटेबिल हो तो किया जा सकता है। लेकिन हम चाहते है कि इस के लिये सरकारी जमीन दे दी जाय ताकि हमारे विभाग का खर्चा न हो। मैं यह कोशिश कर रहा हू—अपनी झोली तमाम चीफ़ मिनिस्टरों के सामने फैला रहा हु कि हम को एक्वीजीशन कास्ट न पड़े, यदि ऐसा हो जाय तो इस से एक्सचेन्ज आदि ज्यादा कायम कर सकेंगे। इतना ही नहीं हमारी तो यह भी कोशिश है कि इन्दौर और उज्जैन के बीच मे भी एस० टी० डी० हो जाय। उस के लिये जाच पडताल की है, काफ़ी काम भी हो रहा

[डा० शंकर दयाल शर्मा]

है—कोशिश बराबर चल रही है। आप सब का सहयोग रहेगा तो काम ज्यादा तेजी से होगा।

एक बात मैं अन्त में कह दूं—अपने विभाग के बारे में आप लोगों के जो भी सुझाव होंगे, जो भी आप का क्रिटिसिज्म होगा, मैं उन का हमेशा स्वागत करूंगा, क्योंकि आप और हम सब की मेहनत से ही यह विभाग ठीक हो सकता है। यह इतना फैला हुआ है कि किसी एक व्यक्ति या हमारे अफसरों के बस की बात नहीं है। यह ठीक है कि जब नई स्ट्रीम लाइनिंग की बात होती है तो कुछ अफसर बढ जाते है। अभी हम ने पोस्ट आफिस और टैली-कम्यूनिकेशन को अलग अलग कर दिया है—अब देखना यह है कि उस से कितना अच्छा काम हो सकता है। दिल्ली में नये डायरेक्टर्स और नये रिजन्ज बनाये है—उस से उम्मीद है कुछ सुधार होगा। हमारी कोशिश यह भी रहेगी कि जो हमारे कम-तनख्वाह वाले लोग है उन को कठिनाई न हो, उन की कठिनाई दूर हो सके।

जहां तक इस बिल का सवाल है—आप ने माना है कि यह एक फ़ी है। मै आप के इस सुझाव को ठीक समझता हूं कि अगर जरूरत पड़े तो इस को और बढ़ा देना चाहिये। वैसे 10 रुपये लेने का मतलब केवल यह था कि बोगस एप्लीकेशन्ज न रहें, हमारी प्लानिंग ठीक हो सके। किस तरफ़ हम को लाइन से जानी है, क्या करना है, उस को ठीक तरह से देखा जा सके।

जहा तक टी० ए० सी० का ताल्लुक है—उस में हमारी बहुत थोड़ी क्वाएस रहती है। उस में अलग अलग कैटेगरीज से नाम आते हैं, उन मे से हम नाम देते है। लेकिन मे यह बतला दू कि हमारी कोशिश होगी कि इस में किसी तरह से भेदभाव न हो कि कौन एस० पी० सिंह पार्टी से आता है। जहां तक मुहम्मदाबाद की बात है, मुझे मालूम नहीं है, मैं पता लगाऊंगा।

बिहार के बारे में कामथ जी ने कहा कि हिन्दी टैलीप्रिंटर लगाये जायें। इसे हम दिखला रहे हैं। हम चाहते हैं कि हिन्दी का विकास हो, हमारी प्रादेशिक भाषाओं का भी विकास हो, सब का विकास हो। . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय: हिन्दी डायरैक्टरी नही छपी है। दिल्ली में अंग्रेजी की डायरैक्टरी तो आगई, लेकिन हिन्दी की नही आई है। किसी भी प्रान्त में हिन्दी की डायरैक्टरी नही छपती है।

डा० शंकर दयाल शर्मा: इतना ही नहीं—हम यह भी चाहते है कि हमारे यहां जितने फार्म्ज है—दोनो भाषाओ मे हो। मनि आर्डर फार्म दोनों भाषाओ मे छप रहे है।

आप जानते है कि टैलीग्राफ़ का विभाग पूरे देश मे फैला हुआ है—इस में गल्तियां होना स्वभाविक है। लेकिन आप की कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिज्म, कंस्ट्रक्टिव एप्रोच, कंस्ट्रक्टिव हैल्प मिले तो हो सकता है कि इस से कुछ हालात सुधर सकेंगे।

श्री हुकम चन्द कछवाय: मैंने हिन्दी की डायरैक्टरी के लिये कहा था। दिल्ली इस का सम्बन्ध देश की ग्यारह राजधानियों से सीधा है, लेकिन मध्य प्रदेश से नही है—के बारे मे आप ने कुछ नही कहा—कब तक हो जायगा?

सभापति महोदय: उन्होंने कह दिया है।

श्री हुकम चन्द कछवाय: कुछ नहीं कहा है। दिल्ली से सीधा सम्बन्ध भोपाल के साथ कब तक हो जायेगा।

श्री पी० जी० मावलंकर: डाक्टर साहब ने बड़े विस्तार से जवाब तो दिये है, लेकिन

अभी भी कई ऐसे मामले हैं जिन को मैंने और अन्य सदस्यों ने उठाय हैं। क्या व उन सब के बारे में व्यक्तिगत रूप से जांच करके उन का सन्तोषजनक उत्तर भेजग ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : जो व्यक्तिगत और अलग अलग जगहों के मामले हैं—मेरा सुझाव है कि हम और आप किसी समय मिल लेंगे और एक एक चीज़ को निबटा लेंगे ?

MR. CHAIRMAN: Now, the question is:

"That the Bill further to amend the Indian Telegraph Act; 1885, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: Now, I come to Clauses. I think there are no amendments to clauses.

The question is:

'That clauses 2, 3, and 1, the Enacting Formula and Title stand part of the Bill.'

The motion was adopted.

Clauses 2, 3, and 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

DR. SHANKAR DAYAL SHARMA: Sir, I move:

'That the Bill be passed'.

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

'That the Bill be passed'.

Mr. Bhattacharyya.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): Mr. Chairman, Sir, I raised this question again and again regarding the charges of telephones in Greater Calcutta. To-day in Greater Bombay and Delhi the rate is charged on local call basis whereas in Calcutta—Greater Calcutta—in places like Chandannagar, Tribeni, Naihati etc. they are charged on trunk call basis.

DR. SHANKAR DAYAL SHARMA: Mr. Joarder has already spoken about it.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA: Whether Mr. Joarder had stressed that point or not I do not know. You know the people living there find so many difficulties. You kindly do something in this connection.

18 hrs.

There are so many regular faults and defects in telephone, but I know that in spite of trying for the whole day, you will not get a call. Serampur is included in the local Calcutta exchange, but you will not at Calcutta even if you try for 12 hours continuously. Always the line is out of order.

My simple point is this. Your predecessor assured us, and now you have also assured us. Kindly look into these matters and see that discrimination is not made with Calcutta. It is there now. Bring it on par with Delhi and Bombay.

You have said that you have taken steps to decrease accumulation of letters, telegrams etc. in Calcutta areas. But up till now nothing has been done. Your officers there are blaming the workers. At the same time, the workers are saying that the workload has been increased but the number of employees has not increased. So you should sympathetically deal with the matter. Meet the representatives of the employees there so that there may be an easy solution of this matter. Unfortunately your PMG has adopted a partisan attitude, so the problem is not being solved.

[Shri Dinen Bhattacharyya]

Also I request you to meet us members on a State basis when we can discuss in detail about our difficulties.

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति जी, 6 बजे गये है और सदन मे कोरम भी नही है। इसलिये मेरा कहना है कि आज छुट्टी कीजिये और कल पर इस बिल को रखिये।

सभापति महोदय : सदन मे कोरम है।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज) : सभापति जी, कुछ ही क्षणो मे यह बिल पास होने जा रहा है और राष्ट्रपती की स्वीकृति के बाद यह ऐक्ट बन जाएगा। आप ने जो लैवी लगायी है इस पर हम को कोई आपत्ति नही है, और अधिक लगाते। लेकिन आप को यह देखना है कि जो आप के विभाग का स्वरूप विकृत हो गया है .

SHRI SURENDRA MOHANTY (Kendrapara): On a point of order. There is no quorum.

MR. CHAIRMAN: The Bell is being rung—Now there is quorum. The hon. member may continue.

श्री डी० एन० तिवारी मैं कह रहा था कि पोस्टल विभाग का स्वरूप विकृत हो गया है और बडा हरक्यूलियन टास्क होगा उस को ठीक करने के लिये। जितनी शिकायतें आप ने सुनी है मेम्बरो द्वारा वह बहुत कम हैं। अभी चिट्ठियों की गति बहुत धीमी है, एक एक पत्र को 6, 6 दिन लग रहे है पहुचने में। उस को कैसे ठीक कीजियेगा मेरी समझ मे नही आता। टैलीग्राफ विभाग का और बुरा हाल है। आर्डिनरी टैलीग्राम हफ्तों नही मिलते है। चिट्ठी के बाद टेलीग्राम मिलता है। इस का कैसे सुधार होगा ? लोग पैसा देते है और तार समय पर नही मिले, आर्डिनरी की बात तो दूर रही, ऐक्सप्रैस तार समय पर नही मिलता, तो लोगों को काफी परेशानी होती है, इस का आप ख्याल कीजिये। यदि समय पर नहीं डिलीवर कर सकते है तो उस का पैसा आप को वापस करना चाहिये स्वयं ही।

सदस्यों को अपने क्षेत्र में टेलीफोन मिला हुआ है, लेकिन वह बराबर खराब ही रहता है। हम लोग जब जाते है तो टेलीफोन सदा खराब मिलता है। इस मे सुधार की आवश्यकता है। यहा दिल्ली मे जो बिलिंग होती है उस का अदाजा आप को नही है। बिल्कुल गलत बिलिंग होती है। 10 दिन के अन्दर मुझ पर ?,600 काल का बिल आ गया। और रात दिन भी मैं काल करू तो 10 दिन मे इतनी काल करना असम्भव है। प्रोटेस्ट करते है तो कोई उस की सुनवाई नही होती। 15 15 दिन का टोटल भेज देते है जो चेक करना मुश्किल हो जाता है। हम ने तो अब रोज की काल्स को लिखना शुरू किया है जिस मे चैक किया जा सके। आप के कर्मचारी दिल्ली म समय पर आफिस मे नही आते। अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि 16 कर्मचारियो मे से 5, 7 लोग ही आये हुए थे 10 बजे तक। यह कैसे आप ठीक करेंगे। आप को देखना चाहिये कि लोग समय पर आफिस म आयें, और केवल ओवर-टाइम बनाने के चक्कर मे ही न रहे। लोगो मे समय पर काम करने की प्रवृति हो इसकी व्यवस्था आप को करनी है।

श्री हमेन्द्र सिंह बनेरा (भीलवाडा) : सभापति जी, सरकार मत्री ने जो विधेयक सदन के सामने पेश किया है मैं यह मांग करता हू कि इस विधेयक को वापस ले क्यो कि इस को रेट्रोस्पेक्टिवली लागू किया जा रहा है। इसलिये अभी समय है कि इस को आप वापस ले ले।

मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हू कि भीलवाडा 'सी' क्लास टाउन की श्रेणी

मे आ गया है लेकिन अभी तक वहा पर जो आप के विभाग के कर्मचारी है उन को अलाउन्स नही दिया जा रहा है । उदयपुर मे अभी तक ओटोमेटिक ऐक्सचेंज की व्यवस्था नही हुई है । और भीलवाडा के अनेक गाव मे पब्लिक काल आफिस मे आउटडेटेड मशीन लगा रखी है । इस तरफ मंत्री जी ध्यान दे और अच्छी मशीन लगाने की व्यवस्था करे । एक बार फिर कहना चाहता हूं कि वह इस विधेयक को वापस ले ले ।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Ausgram): After hearing the hon. Minister I should like to say that the Telegraph Bill should be brought immediately. Burdwan is the district headquarters with a population of two lakhs. The telegraph office of Burdwan was not in order from 7 p.m on 23 October to 26 October I personally went to the telegraph office to send a telegrant to the Parliament House, to the Committee on Public Undertakings but the officer in charge refused to receive it and said that he could not receive it because the system of sending telegrams by a messenger to Calcutta had been abolished. He refused to received it I would like to request hon. Minister to enquire why the said telegraph office was not in order and was not repaired for such a long time and he should let me know the result.

Burdwan is an important town. Durgapur is my constituency. It is an Industrial complex. But for six hours I could not get phone connection from Burdwan; I rang up Asansol; I rang up Bankura with the same result. Even the Superintendent of Police Burdwan district told me that I should take up this matter with the Minister of Communications because even Government officers did not get telephone connection to Asansol or Durgapur. They have wireless connection but what about other people?

I wrote a letter to my constituency but fourteen days after that I went there but they said that they had not received it and they could not fix the programme according to my letter. I wanted to call him Dislocation Minister instead of Communications Minister but I do not want to call him He should improve the postal, telegraph and telephone system so that the difficulties could be removed. He should introduce an STD system from Durgapur to Calcutta and other big cities because it is an industrial complex.

श्री भागवत झा आजाद (भागलपुर) : यह जो संशोधन है इसका मैं समर्थन करता हू । सबार्डिनेट लेजिस्लेशन कमेटी ने कहा था कि दस रुपया और आप ले रहे हैं फार्म का इस के लिए अच्छा हो कि आप पार्लिमेंट मे पास करवा ले । उसी का यह नतीजा है यह विधेयक हमारे सामने है । यह बहुत बडी बात नही है । मैं इसका समर्थन करता हू । परन्तु क्या कारण है कि इस छोटे से विधेयक पर इतने ज्यादा मैम्बर बोलना चाहते हैं ? बात यह है कि आपका विभाग गिलोटीन हो जाता है और हमें मौका नही मिलता है अपनी बात को आप के सामने रखने का और जो दुर्व्यवस्था है उसकी तरफ आपका ध्यान दिलाने का । ऐसी हालत में कौन से अवसर पर हम अपनी बात आप के सामने रख सकते है ? क्या एडजर्नमेंट मोशन के जरिये हम ऐसा करे ?

भागलपुर एक बहुत बडा डिविजनल टाउन है । जहा पर बीस तीस टेलीफोन है वहा तो आटोमैटिक एक्सचेंज बन गया है लेकिन हजारों वाला भागलपुर नही हुआ है । मैं तो आपके विभाग को हांडा में पक रहे एक चावल को देख कर ही परखूंगा । एक चावल पक गया तो इसका मतलब है सभी चावल पक गए । आपने कहा था कि 1975 तक कर देंगे फिर कहा कि 1976 में करेंगे । मेरा निवेदन है कि इसको आप देखें ।

[श्री भागवत झा आजाद]

आपके डिपार्टमेंट में बहुत ज्यादा डिसक्रिमिनेशन होता है । कभी कहा जाता है कि मकान नहीं बना कभी कहा जाता है कि इक्विपमेंट नहीं बनी । दस रुपये फार्म के लेते हैं तो ले लेकिन लोग दे कर करेंगे क्या अगर आपर एक्सचेंज नहीं है । आप कई जगहों पर माइक्रो वेव स्टेशन बना रहे हैं । इतना बड़ा डिविजनल टाउन भागलपुर है वहां क्या नहीं बना सकते हैं । पी एम जी को मैंने लिखा, कोई सुनवाई नहीं हुई । पैसा लेना होता है तो नोटिस भेज दिया जाता है कह दिया जाता है कि टेलीफोन काट दो । आपके विभाग में जो धांधली चल रही है कृपया इसको आप रोके और देखें कि जहां हजारों लाइनें है उस भागलपुर डिविजनल टाउन को जोकि बिहार के चार शहरों में से एक शहर है आटोमैटिक एक्सचेंज मिले । क्यों माइक्रो वेव स्टेशन वह नहीं बना है । टैलेक्स टैलीप्रिंटर के लिए वहां कितने लोगों ने आवेदन दिए हैं क्यों नहीं बनता है । क्यों एस टी डी पटना और भागलपुर के बीच में नहीं बनता है और जगह क्यों बन जाता है ?

हमें आज अपनी बात कहने का एक अच्छा अवसर मिला है । बिल का तो मैं समर्थन करता हूं । लेकिन दस रुपये ले कर आप करेंगे क्या ? बडी गलती, बडी धांधली बड़ा डिसक्रिमिनेशन आपके विभाग में है । इसको आप देखें । आप नए आए हैं । एक घंटे के बजाय डेढ़ पर चार घंटे बहस चली है । हम लोगों के दुख दर्द को आप सुने । टैलीग्राम्ज के बारे में अगर कुछ न कहा जाए तो अच्छा होगा । हमारी ही टेलीग्राम हम को जब हम वापिस पहुंचते हैं मिल जाती है । मैंने तार दी कि मैं आ रहा हूं । दस दिन के बाद जब मैं वहां पहुंच गया तब वह तार मुझे जा कर मिली । कहते हैं कि पैसे वापिस ले लो । आप देखें कि तारें समय पर पहुंचें ।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव (कटिहार) : मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं । पैसे आप मांगते हैं लेकिन पहले आपको अपने विभाग को सक्षम बनाना चाहिये, कारगर कदम उठाने चाहिये और उनको आप उठाने भी वाले हैं । मैं चाहता हूं कि इन कदमों का आप स्पष्टीकरण दें । अभी श्री भागवत झा आजाद ने भागलपुर की बात कही है । वह बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल टाउन है लेकिन अभी तक भी उसका सीधा कंनकशन पटना से नहीं है । इसकी व्यवस्था होनी चाहिये और आटोमैटिक एक्सचेंज की स्थापना भी शीघ्रातिशीघ्र वहां होनी चाहिये ।

डाक तार विभाग में जो पोस्टमैन काम करते हैं विभाग के ये आदेश हैं कि अगर कोई इस प्रकार का कर्मचारी आन ड्यूटी मर जाता है तो उसके लडके को विभाग में नौकरी दे दी जाए । भागलपुर जिले के नौगाछिया अंचल के श्री नरेश मिश्र के पिता की मृत्यु आन ड्यूटी हो गई । उस समय वह नाबालिग था । बालिग होने पर उसने आवेदन किया तो उसको अभी तक लिया नहीं गया है । उनकी एप्लीकेशन भी एम जी आफिस में चार साल से पैंडिंग पड़ी हुई है । उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है । स्वयं मैंने पी एम जी को लिखा है कि जब उनके पिता की मृत्यु आन ड्यूटी हो गई है, तो क्यों उसको नौकरी नहीं दी जा रही है, कम से कम उसको नौकरी तो दी जाए । लेकिन अभी तक ऐसा सम्भव नहीं हुआ है । मैं प्रार्थना करता हूं कि पी एम जी पटना को आप निदेश दें कि उसको सेवा में लिया जाए । इसकी दरख्वास्त चार साल से पडी हुई है ।

संसद् सदस्यों को आपने उनके घरों पर टेलीफोन की सुविधा दी है । लेकिन वहां लाइन कभी नहीं मिलती है । उसका कोई लाभ नहीं होता है । उलटे जो चार्ज टेलीफोन

रखने वाले को देना होता है वह उनको देना पड़ता है जो ग्राम लोगों से चार्ज किया जाता है वह उन से चार्ज किया जाता है । मेरे पास बिल आया है तीन सौ रुपया का । एक भी कॉल नहीं हुआ, और टेलीफोन लगाने के लिए जो पैसा जमा करना पड़ता है, उस का बिल भी हमे भेजा गया । संसद-सदस्यों को भी जो टेलीफोन की लाइन दी जाती है, उस का उपयोग नहीं हो पाता है ।

उत्तर भागलपुर में नोगोछिया व्यापार की एक बहुत बड़ी मंडी है । यह व्यवस्था होनी चाहिये कि नोगोछिया से पटना तक डायरेक्ट टेलीफोन की सुविधा प्राप्त हो ।

मैं मंत्री महोदय का ध्यान पुन : भागलपुर की ओर दिलाना चाहता हू जिस के बारे में श्री भागवत झा आजाद ने कहा है । मैं चाहता हूं कि वहा आटोमेटिक एक्सचेंज की स्थापना की जाये ताकि वहा के लोगों को डायलिंग की सुविधा प्राप्त हो सके । जब मैं वहां जाता हूं, तो मुझे चार चार मिनट के बाद लाइन मिलती है । भागलपुर एक इंडस्ट्रियल टाउन है, सब से थिकली पापुलेटिड है और बिहार का एक प्रमुख शहर है । इस लिए वहा आटो-मेटिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित किया जाना चाहिए ।

मुजफ्फरपुर से पटना सीधे टेलीफोन पर बात की जा सकती है । तो भागलपुर और नोगोछिया से भी पटना तक डायरेक्ट सेवा की सुविधा उपलब्ध करनी चाहिए ।

श्री राम सहाय पांडे (राजनदगाव) : सभापति महोदय, मैं आप के जरिये एक छोटा सा सवाल पूछना चाहता हू । क्या यह सही नहीं है कि किसी प्रदेश के पिछड़ेपन को आंकने के लिए यह देखना चाहिये कि वहां कितने टेलीफोन हैं ? मैं मध्य प्रदेश का एग्जाम्पल देना चाहता हू कि वह सब से पिछड़ा हुआ है और वहां टेलीफोन भी बहुत कम है । क्या ऐसा कोई इन्तजाम किया जायेगा कि हम राजधानी से भोपाल जबलपुर और रायपुर डायरेक्ट टेलीफोन कर सकें , यदि हां तो कब तक ?

DR. SHANKER DAYAL SHARMA: Sir I have already covered most of the points. I would look into the special points which have now been raised. I would like to say only one thing. It is easier to have SAX for 25 and 50 lines. In fact, for 25 and 50 lines we will only have SAX. But when it comes to the larger exchanges we have to go in for more sophisticated equipment and, naturally, there is difficulty in getting it produced. We are trying to increase the capacity of ITI, though there are financial constraints.

In Bhagalpur and other places which the hon. Members have mentioned, we will try to do it. About Bhopal I do not want to say anything concrete. I have been told by the Director-General and others that it should be possible to have a direct link between Calcutta and Madras by 31st March and between Bhopal and Delhi by 2nd October 1975. But let us wait till it is done.

I hope the House will pass this Bill.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed"

The motion was adopted.

18.25 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, November 22, 1974 Agrahayana 1, 1896 (Saka)

MGIPND—Job I—LS 2559—02-12-74—978